an>

title: The Speaker on behalf of the House, congratulated the Indian Space Research Organizations Team of Scientist and Technologists for successful launch of IRNSS-IF from Sriharikota in Andhra Pradesh on 10th March, 2016.

माननीय अध्यक्ष : माननीय सदस्यगण, 10 मार्च, 2016 को हमारे देश ने श्रीहरिकोटा, आंध्र प्रदेश से अपने छठे स्वदेशी समर्पित नौवहन उपग्रह आईआरएनएसएस-1एफ का सफल प्रक्षेपण किया। इस प्रक्षेपण से हमारा देश अपनी नौवहन उपग्रह प्रणाली के क्षेत्र में एक कदम और आगे बढ़ा है और यह अमेरिकन ग्लोबल पोजिशिनिंग सिस्टम (जीपीएस) के समान होगा। हमारे अन्तरिक्ष वैज्ञानिकों की इस उपलब्धि ने हमें गौरवान्वित किया है।

सभा इस प्रक्षेपण को सफल बनाने के लिए भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन के वैज्ञानिकों और प्रौद्योगिकीविदों की समर्पित टीम को बधाई देती है और कामना करती है कि उन्हें उनके भावी प्रयासों में भी सफलता मिले।

12.01 hours

PAPERS LAID ON THE TABLE